अष्टादश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या–14 शुक्रवार, दिनांक–20 फरवरी, 2026 ई०।

माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:35 बजे अपराह्न तक।

[1] प्रश्नकाल :–

i. 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।

ii. 01 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।

iii. 23 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

iv. 158 तारांकित प्रश्न अनागत।

[2] कार्यस्थगन प्रस्ताव :–

माननीय सदस्य, श्री संदीप सौरभ, श्री अरूण सिंह, श्री अजय कुमार, श्री सतीश कुमार सिंह यादव एवं श्री गौतम कृष्ण द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी।

परन्तु आसन की अनुमति प्राप्त कर माननीय सदस्य, श्री संदीप सौरभ द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना को पढ़ा गया। माननीय सदस्य द्वारा पढ़े गये अंश पर कतिपय माननीय सदस्यों द्वारा आपत्ति दर्ज की गयी, जिसके उपरांत आसन की अनुमति प्राप्त कर माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री विजय कुमार सिन्हा, माननीय सदस्य, श्री आलोक कुमार मेहता तथा श्री मिथिलेश तिवारी द्वारा अपना पक्ष रखा गया।

तदुपरांत आसन द्वारा पढ़े गये उस एक शब्द को कार्यवाही से हटाने का निदेश दिया गया।

[3] शून्यकाल :–

शून्यकाल की सूचना के अंतर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया:–

(1)	श्रीमती बिनीता मेहता	(2)	श्री गौतम कृष्ण
(3)	श्री अभिषेक रंजन	(4)	श्री शंकर प्रसाद
(5)	श्री राम सिंह	(6)	श्री उदय कुमार सिंह
(7)	श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या–231)	(8)	श्री मुरारी मोहन झा
(9)	श्रीमती अनीता	(10)	श्रीमती सावित्री देवी
(11)	श्रीमती छोटी कुमारी	(12)	श्री राम चन्द्र सदा
(13)	श्री विनय बिहारी	(14)	प्रो॰नागेन्द्र राउत

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत शेष शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ माना जाता है तथा इसके लिखित उत्तर के लिए इसे संबंधित विभाग को भेज दिया जाय।

[4] <u>आसन की घोषणा</u> :–

आसन से घोषणा की गयी कि दिनांक 23 फरवरी, 2026 से शून्यकाल की सूचनायें ऑफलाईन के स्थान पर ऑनलाईन माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। **(यथा संलग्न)**

[5] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :–

(i) माननीय सदस्य, सुश्री मैथिली ठाकुर, श्री आनन्द मिश्र एवं अन्य तीन सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित तथा दिनांक 18.02.2026 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री मंगल पांडे द्वारा दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, डॉ० सुनील कुमार, श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह एवं अन्य अड़तालीस सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, डॉ० सुनील कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

(02:00 बजे अपराह्न से 04:40 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

[6] <u>वित्तीय कार्य</u> :–

वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड–08 (गृह विभाग; कृषि विभाग; लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग; श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग; युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग तथा सूचना प्रावैधिकी विभाग)] पर वाद–विवाद एवं मतदान।

माननीय मंत्री, गृह विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से गृह विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य, श्री सतीश कुमार सिंह यादव द्वारा अनुदान की मांगों में कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात् गृह विभाग के अनुदान की मांग पर वाद–विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

i. श्री मनोज विश्वास
ii. श्री मिथिलेश तिवारी
iii. श्री प्रमोद कुमार सिंह
iv. श्री राहुल कुमार
v. श्री राजू तिवारी
vi. श्री संदीप सौरभ
vii. श्री अजय कुमार
viii. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता
ix. श्री सतीश कुमार सिंह यादव
x. श्रीमती ज्योति देवी
xi. श्री आलोक कुमार सिंह
xii. श्री आनन्द मिश्र

[इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य, श्रीमती ज्योति देवी ने आसन ग्रहण किया]

xiii. श्रीमती करिश्मा
xiv. श्री रितुराज कुमार
xv. श्रीमती संगीता देवी
xvi. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
xvii. श्री बशिष्ठ सिंह

xviii. श्री केदार प्रसाद गुप्ता

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

xix. श्री मंजीत कुमार सिंह

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मंत्री, गृह विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

इस दौरान विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यगण सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य, श्री सतीश कुमार सिंह यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा गृह विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त अनुदान की शेष मांगे बारी–बारी से गिलोटिन (मुखबंध) द्वारा सदन से स्वीकृत हुई।

[7] **निवेदन** :–

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 54 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक–23 फरवरी, 2026 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–20.02.2026

ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।